**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**02.08.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विकसित भारत के लिए युवाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत और आत्मविश्वास से भरपूर होना जरूरी है। वे आज नई दिल्ली में विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा संकल्प अभियान के शुभारम्भ पर वर्चुअल माध्यम से बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशामुक्ति के लिए सौ हफ्ते का जनभागीदारी अभियान शुरू किया जाएगा और देश भर में हर रविवार को साप्ताहिक कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ करियर, पारिवारिक जीवन और लोगों का भविष्य बर्बाद कर देते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नशीले पदार्थों की लत से मुक्ति के लिए समय पर विशेषज्ञों की मदद और ईलाज जरूरी है।

**एन.आई.टी.–हमीरपुर**

इस बीच राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में भी नशामुक्त युवा–विकसित भारत संकल्प अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और नशा उन्मूलन में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी दीपमाला ठाकुर ने युवाओं से माय भारत पोर्टल के माध्यम से इस अभियान से जुड़कर नशामुक्त समाज में सहयोग देने का आहवान किया।

उधर नाहन में करीब 2 सौ 50 युवाओं ने प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। माय भारत सिरमौर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने नशामुक्त भारत के संकल्प को दोहराया। जिला युवा अधिकारी अम्रशा शमा ने बताया कि इस अभियान के तहत जागरूकता रैलियां, खेल गतिविधियों सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज चम्बा में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास किए। इसमें चम्बा मैडिकल कॉलेज में 2 सौ बिस्तरों का नवनिर्मित भवन सहित एक सौ 75 करोड़ रूपए की सड़कों के शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चम्बा जिला में सड़कों का जाल बिछाने का कार्य जारी है और अगले तीन माह के भीतर जिले में 5 सौ 91 करोड़ रूपए की लागत वाली विभिन्न सड़कों का कार्य शुरू किया जाएगा।

जिला परिषद कैडर के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कैडर की जल्द बैठक बुलाई जाएगी और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस दौरान मौजूद रहे।

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले के हरोली में राज्य पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय व ई–बस डिपो का लोकार्पण किया। इस पहल से क्षेत्र में परिवहन सेवाओं के संचालन व प्रबंधन को नई गति मिलेगी।

## मिंजर मेला

चम्बा का अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला आज सम्पन्न होने जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शाम के समय रावी नदी में हाथ से बनी मिंजर विसर्जित कर मेले का विधिवत समापन करेंगे। राज्यपाल ने 26 जुलाई को मिंजर मेले का शुभारम्भ किया था। इस मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियां लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।

## शिमला पुलिस

नशे के सौदागरों के खिलाफ शिमला जिला पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत पुलिस ने पंजाब और हरियाणा से नशे के तीन मुख्य सौदागरों को हिरासत में लिया है। इन आरोपियों को कपूरथला, जालंधर और पिंजौर से पकड़ा गया है। शिमला की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेहर पंवर ने बताया कि इन सौदागरों को पुलिस ने गहन छानबीन और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पकड़ा है। शिमला पुलिस इस वर्ष अब तक 63 मुख्य नशा सप्लायरों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की वर्षा का क्रम जारी है। बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान कहीं–कहीं वर्षा जारी रहने की सम्भावना जताई है। विभाग ने कल कांगड़ा, चम्बा और बिलासपुर जिलों में वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।